ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

WORK SHEET – 20

Sub : Hindi Grammar 2nd Term Class : IIB Date : 16.11.2020

Topic : अपठित गद्यांश

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़े तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

घोड़ा बहुत काम का जानवर होता है। पहले सभी राजा-महाराजा इसे पालते थे। उस समय इसी पर बैठकर कहीं आया-जाया जाता था। देवताओं और राक्षसो में जब समुद्र को मथा था, तो उसमे से चौदह रत्न निकले थे। घोड़ा उनमे से एक था। आजकल घोड़े से ताँगा खींचा जाता है। सेवा में और पुलिस में भी घुड़सवार सैनिक रखे जाते है। राणा प्रताप का घोड़ा 'चेतक' हवा से बाते करता था। रानी लक्ष्मीबाई का घोड़ा भी बहुत वफ़ादार था।

1. पुराने समय में घोड़े किस काम में आते थे?
उत्तर : पुराने समय में घोड़े आने जाने के काम में आते थे।

2. समुद्र-मंथन के समय कितने रत्न निकले थे?
उत्तर : समुद्र-मंथन के समय चौदह रत्न निकले थे।

3. आजकल घोड़ो से क्या-क्या काम लिया जाता है?
उत्तर : आजकल घोड़ो से ताँगे खींचने का काम लिया जाता है तथा पुलिस और सेना में भी यह काम आते है।

4. राणा प्रताप के घोड़े का नाम क्या था?
उत्तर : राणा प्रताप के घोड़े का नाम चेतक था।

5. रानी लक्ष्मीबाई का घोड़ा कैसा था?
उत्तर : रानी लक्ष्मीबाई का घोड़ा वफ़ादार था।

6. गद्यांश में से एक नाम शब्द छाँटें।
उत्तर : लक्ष्मीबाई।

7. घोड़ा शब्द के लिए अन्य शब्द लिखे।
उत्तर : अश्व।

8. चौदह को हिन्दी तथा अंग्रेजी अंक में लिखे।
उत्तर : १४ हिन्दी
14 अंग्रेजी

9. वफादार शब्द से वाक्य बनाए।
उत्तर : कुत्ता एक वफादार जानवर है।

10. गद्यांश से एक क्रिया छाँटें।
उत्तर : खींचा जाता है।

Sangeeta Khosla